# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–28 अक्टूबर 2024 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लोगों को आज से पन्द्रह नवम्बर तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष कुमार गोयल ने बताया है कि धनतेरस, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा से लेकर पन्द्रह नवम्बर तक प्रदेश को बिजली कटौती से मुक्त रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि कहीं लोकल फाल्ट के चलते बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है तो फाल्ट को न्यूनतम समय में ठीक करने के निर्देश दिय गये हैं।

**********

लखनऊ में कथित रूप से पुलिस अभिरक्षा में एक युवक की मृत्यु के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज मृतक के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के विधायक योगेश शुक्ला भी मौजूद रहे। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने मामले की जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिवार को दस लाख रूपये की आर्थिक सहायता के साथ सरकारी योजना के तहत आवास भी दिया जायेगा।

**********

वाराणसी के काशी हिन्दू विश्वविद्यालय स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के तेरहवें दीक्षांत समारोह में विभिन्न पाठ्यक्रमों के एक हजार नौ सौ चौवन छात्र–छात्राओं को उपाधि प्रदान की गई। दीक्षांत समारोह में कुल साठ मेधावी विद्यार्थियों को एक सौ पच्चीस स्वर्ण और रजत पदक प्रदान किये गए।

समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने छात्र–छात्राओं को मेडल और अवार्ड से सम्मानित किया। उन्होंने संस्थान की शोध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 400 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी। इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश की प्रगति में युवाओं की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि अब से पच्चीस साल बाद जब भारत आजादी के अमृत महोत्सव में होगा तब शिक्षित युवाओं की भूमिका और भी बढ़ जायेगी। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के दीक्षांत समारोह में बोर्ड ऑफ गवर्नर के चेयरमैन पद्मश्री डॉक्टर कोटा हरिनारायन, संस्थान के निदेशक प्रोफेसर अमित पात्रा और प्रभारी कुलसचिव राजन श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये इक्यावन हजार से अधिक नव–नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इसके लिये देश के चालीस स्थानों पर रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले युवा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में केन्द्र सरकार के पदों पर नियुक्त होंगे।

**********

एम्स गोरखपुर की ओपीडी में अब दंत रोगियों के उपचार के लिये और बेहतर व्यवस्था कर दी गयी है। अब यहां पांच डेंटल चेयर पर एक साथ पांच रोगियों का उपचार हो सकेगा। नये दंत रोग विभाग का उद्घाटन कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एम्स गोरखपुर में बने कार्निया ट्रांसप्लांट सेंटर का भी वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। इस सेंटर के शुरू होने से नेत्रहीनों को रोशनी देना आसान हो जायेगा।

**********

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रहलाद जोशी ने किसानों को आश्वस्त किया है कि सरकार चावल मिल मालिकों से सभी उपज खरीदने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज नई दिल्ली में भारतीय खाद्य निगम शिकायत निवारण प्रणाली के उद्धाटन के दौरान यह बात कही। श्री जोशी ने कहा कि पंजीकरण से लेकर समाधान खोजने तक का पूरा निवारण ऑनलाइन होगा। उन्होंने किसानों को भरोसा दिलाया कि मिल मालिकों की सभी शिकायतों का निपटारा पारदर्शी तरीके से किया जाएगा।

**********

सार्वजनिक जीवन में सत्यनिष्ठा को बढावा देने और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का लक्ष्य हासिल करने के लिए आज से पूरे देश में सतर्कता जागरूकता सप्ताह–दो हजार चौबीस मनाया जा रहा है। यह सप्ताह शासन और जन प्रशासन में पारदर्शिता और नीति की आवश्यकता को लेकर व्यापक संवेदनशीलता सृजित करने के लिए मनाया जाता है।

**********

गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सामान्य क्षेत्र, प्लास्टिक पार्क और गार्मेट पार्क में एक सौ तेरह नई औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिये प्राधिकरण प्रशासन ने आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं। इसमें सामान्य श्रेणी के उद्योगों के लिये छियालीस भूखण्ड, गार्मेंट पार्क के लिये तैतीस और प्लास्टिक पार्क के लिये चौंतीस भूखण्डों का आवंटन किया जायेगा। इच्छुक उद्यमी भूखण्ड के लिये सत्रह नवम्बर तक आवेदन कर सकते हैं।

**********

कल धनतेरस और इकतीस अक्टूबर को दीपावली पर्व पर प्रमुख बाजारों में होने वाली भीड़ को देखते हुए कई जिलों में नगरों में यातायात परिवर्तन को लेकर दिशा–निर्देश जारी किये गये हैं। गोरखपुर में यातायात पुलिस ने आज सुबह दस बजे से इकतीस अक्टूबर की रात बारह बजे तक महानगर क्षेत्र में कई मार्गों पर भारी वाहनों, ऑटो और ई–रिक्शा का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा कई प्रमुख चौराहों से वाहनों के आवागमन मार्ग को परिवर्तित किया गया है।

**********